**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 9 (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कौशाम्बी के बस डिपों का लोकार्पण कब किया गया है ? | दिनांक 08.01.2022 को उक्त बस डिपों का लोकापर्ण किया गया। |
| (ख) | लोकार्पण के लगभग आठ माह की अवधि बीत जाने के बावजूद उक्त बस डिपों के अद्यतन संचालित न हो पाने के क्या कारण है ? | परियोजना कार्यदायी संस्था द्वारा परिवहन निगम को हस्तांतरित न होने के कारण। |
| (ग) | उक्त बस डिपों सुचारू रूप से कब तक संचालित करायेंगे ? | वर्तमान में बस स्टेशन मंझनपुर कौशाम्बी से विभिन्न स्थानों के लिए 28 बसों का संचालन हो रहा है, क्षेत्र को प्राप्त 02 नयी बसों को भी उक्त बस स्टेशन से राजापुर-महेवाघाट-गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर संचालित किया जा रहा है। इस प्रकार उक्त बस स्टेशन से कुल 30 बसों का संचालन वर्तमान में हो रहा है। संचालन व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित कराए जाने हेतु मुख्यालय की स्वीकृति के अन्तर्गत निगम की सेवा से सेवा निवृत्त हुए संविदा लिपिकों को तैनात किया गया है। उक्त परियोजना परिवहन निगम को हस्तान्तरित होने के उपरान्त बस डिपो सुचारू रूप से संचालित की जायेगी। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।